**भारत सरकार**
**संचार मंत्रालय**
**दूरसंचार विभाग**

**लोक सभा**
**अतारांकित प्रश्न सं. 3168**
**उत्तर देने की तारीख 11 मार्च, 2026**

**ग्रामीण क्षेत्रों में इंटरनेट तक पहुंच**

**3168. श्री राजीव रायः**

क्या **संचार** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या देश के ग्रामीण क्षेत्रों में लोगों की इंटरनेट तक पहुंच बहुत सीमित है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है,

(ख) क्या सरकार देश के ग्रामीण क्षेत्रों में लोगों को सस्ती दरों पर इंटरनेट सुविधा प्रदान करने के लिए नई योजनाएं/कार्यनीतियां बना रही है;

(ग) क्या सरकार ने किसानों के लाभ हेतु कृषि क्षेत्र के बारे में उनके ज्ञान को बढ़ाने और उन्हें कृषि क्षेत्र में नए विकासों से अवगत रखने के लिए देश के सभी गांवों में इंटरनेट और वाई-फाई सुविधाएं प्रदान की हैं;

(घ) यदि हां, तो इस संबंध में सरकार द्वारा क्या उपाय किए जा रहे हैं/कार्रवाई की जा रही है; और

(ङ) यदि नहीं, तो देश भर के सभी गांवों में इंटरनेट और वाई-फाई सुविधाएं प्रदान करने का यह लक्ष्य कब तक पूरा किया जाएगा?

**उत्तर**
**संचार एवं ग्रामीण विकास राज्य मंत्री**
**(डॉ. पेम्मासानी चंद्र शेखर)**

(क) से (ङ) जनवरी, 2026 की स्थिति के अनुसार, देश के 6,44,131 गांवों (भारत के महापंजीयक के आंकड़ों के अनुसार) में से 6,35,146 गांवों में मोबाइल कनेक्टिविटी (2जी/3जी/4जी) और 6,32,059 गांवों में 4जी मोबाइल कनेक्टिविटी उपलब्ध है।

सरकार 4जी सेचुरेशन परियोजना के तहत देश के ग्रामीण और दूरस्थ क्षेत्रों में 4जी मोबाइल टावरों की स्थापना के माध्यम से इंटरनेट सुविधाओं के विस्तार के लिए डिजिटल भारत निधि

के तहत विभिन्न स्कीमें लागू कर रही है। इसके अलावा, भारतनेट परियोजना को चरणबद्ध तरीके से लागू किया जा रहा है ताकि सभी ग्राम पंचायतों (जीपी) और गांवों को मांग के आधार पर वाई-फाई हॉटस्पॉट, फाइबर टू द होम (एफटीटीएच) कनेक्शन आदि जैसी ब्रॉडबैंड कनेक्टिविटी प्रदान की जा सके।

****